एक नजर में

## माकड़ोन में सांसद करा रहे 17 करोड़ रुपए के विकास कार्य

**माकडोन।** सांसद अनिल फिरोजिया ने माकड़ोन नगर में 17 करोड रुपए के विकास कार्य पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि दिलीप गामी ने बताया कि नगर परिषद माकडोन के अध्यक्ष आशा गोकुल राठौर एवं उपाध्यक्ष



करण सिंह, समस्त पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी की सरकार के माध्यम से नगर परिषद माकड़ोन में पूरे नगर में मंडी चौराहा से लेकर मस्जिद चौराहा सोनार सिरी गढ़ी मोहल्ला, सूची मंदिर, मालवीय धर्मशाला, बाजार चौक, भगतपुर, डोलची, बरोठिया में सीसी निर्माण लगभग 7 करोड़ रुपए, साथ ही नाली निर्माण कार्य 40 लाख एवं ही सरस्वती शिशु मंदिर से रविदास धर्मशाला तक दो करोड़ रुपए नाला निर्माण, डेलची, बरोठिया, भगतपुर में 2 करोड़ रुपए की लागत से पुलिया निर्माण साथ ही माकड़ोन डेलची, बरोठिया में 38 लाख रुपए के सामुदायिक सेट, 40 लाख रुपए तालाब सुंदरीकरण तालाब की पाल से संस्कार स्कूल तक बाईपास 2 करोड़ साथ ही मस्जिद चौराहे से मंडी चौराहे तक फोरलेन सड़क 60 लाख रुपए के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। आम नागरिकों का कहना है कि माकड़ोन नगर में कहीं भी चले जाओ कहीं भी घूम जाओ कीचड़ नहीं मिलेगा। जबकि पूर्व की कांग्रेस की सरकार में कीचड़ का आलम था विकास कार्य ना के बराबर थे। उनके द्वारा जो विकास किए गए उनसे तो अधिक भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान परिषद ने कर दिया है। वर्तमान में विपक्ष के पास अगर 2 दिन नल नहीं आए और विकास कार्य की प्रगति में थोड़े रुकावट आई तो धरना प्रदर्शन के चेतावनी देना और लोगों को बेवकूफ बनाना यही काम रह गया है। जबकि जनता जानती है कि भारतीय जनता पार्टी की परिषद में कितने विकास कार्य प्रगति पर हैं। आने वाले समय में सांसद द्वारा माकड़ौन नगर को तहसील की बिल्डिंग और दो बड़ी सौगात मिलने वाली है। सांसद का कहना है कि माकड़ौन को बड़े कार्यों के माध्यम से विकसित नगर बनाया जाएगा।

## प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती : भाटी

**उज्जैन।** एशियन कुश्ती में गोल्ड मेडल जीत कर शहर का नाम गौरवान्वित करने वाली माधव गौ शाला की पहलवान प्रियांशी प्रजापत का शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में पुष्पमालाओं और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संबोधित करते हुए मुकेश भाटी ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, हमें कुमारी प्रियांशी पर गर्व है। इस मौके पर नेताप्रति पक्ष रवि राय, अनंत नारायण मीणा, आज़ाद यादव, राजेश राणा, विवेक यादव, अशोक भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, वीरेन्द्र गोसर, देवेंद्र पाटनी, सोनिया ठाकुर, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, प्रेम लता रामी, सपना सांखला, मोहित जयसवाल, फूलचंद जरिया, गजेंद्र मरीठिया, शयाम जटिया, चंदू यादव, इंदरसिंह कुशवाह, कृष्णा यादव, संदीप सूर्यवंशी, संकेत रामी, चेतन भाट, सत्य नारायण राठौर, ललित मीणा, इशू यादव, राजेश चौहान आदि ने स्वागत किया।

## उज्जैन कॉरपोरेशन बास्केटबॉल टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आईटीएम यूनिवर्सिटी द्वारा ग्वालियर में आयोजित राज्य बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप में उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालिका टीम ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल तृतीय स्थान अर्जित किया। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में पूल मैच में सभी टीमों को एक तरफा मुकाबले से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फुल मैच में गुना टीम को 51/12 जॉब, जबलपुर को 47/00, आईसीसी भोपाल को 42/14 से, क्वार्टर फाइनल में ग्वालियर कॉरपोरेशन को 50/27 से हराया। तृतीय स्थान के लिए एसटीसी जबलपुर को 40/27 से हराकर ब्रॉंज मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में इशिका मंगरौले, अपराजिता चतुर्वेदी, वृतिका कुरेल, तेजस्वी मंगरोले निहारिका मोदे, नीतिका सोनी, सानिया प्रधान, अनन्या जैन, रौली पंड्या, वैष्णवी गुप्ता आदि ने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। टीम के कोच शैलेंद्र टाइटस वह मैनेजर मौलश्री अग्रवाल थे। पुरस्कार वितरण समारोह में मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह गिल, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल के कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह कुशवाह, उज्जैन टीम के कोच शैलेंद्र टाइटस द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। उज्जैन टीम की उपलब्धि पर संगठन के अध्यक्ष ज्योति शर्मा, कोच प्रगति जैन, मनीषा पंवार, विनोद पांचाल, समीक्षा भदौरिया, प्रियंका संत आदि द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

## उज्जैन में रागदारी संगीत समारोह 8 को

**उज्जैन।** रागदारी संगीत संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में 'वाहने सिस्टर्स' द्वारा 8 जुलाई को कलागुरु स्व. डी.के. वाहनेजी के अवतरण दिवस पर 'रागदारी संगीत समारोह का शुभारंभ किया जा रहा है। सामाजिक शोध संस्थान सभागृह, भरतपुरी मे सांय 6 बजे से होने जा रहे इस आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रख्यात कलाकार उस्ताद शाहिद परवेज़ खान (सितार- पुणे), रागिनी देवले (गायन- मुंबई), श्रुतिशील उद्धव (तबला- मुंबई) शिरकत करेंगे तथा संस्थागत शिष्यों का वाद्यवृंद होगा। यह आयोजन नि:शुल्क है, जिसमें संस्कृति वाहने (रागदारी संगीत संस्थान, उज्जैन) ने नगर के सभी गणमान्य रसिकजन को आमंत्रित किया है।

## श्री अखंड ज्योति हनुमान मंदिर पर किये श्री हनुमान चालीसा के पाठ



**उज्जैन।** श्री अतुलित भक्त परिवार द्वारा आयोजित सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ महोत्सव के अंतर्गत श्री अखंड ज्योति हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। इस दौरान मंदिर के पुजारी घनश्याम शर्मा, लेखक चिंतामणि राठौर, भाजपा नेता उमेश सेंगर, पुर्व पार्षद संतोष व्यास, महाकाल मंदिर के पुरोहित टोनी गुरु, समाजसेवी गणेश बागड़ी सहित बड़ी संख्या में श्री हनुमान जी महाराज के भक्त उपस्थित रहे। जयंत राव गरूड़ ने बताया कि श्री अतुलित भक्त परिवार द्वारा 108 हनुमान मंदिरों पर हनुमान चालीसा पाठ करने का संकल्प लिया है। जिसके तहत श्री अतुलित भक्त परिवार उज्जैन के द्वारा प्रत्येक शनिवार को उज्जैन के विभिन्न प्राचीन हनुमान मंदिरों पर हनुमान चालीसा के पाठ किए जा रहे हैं। जिसमें क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं, बच्चों को हनुमान चालीसा में आमंत्रित किया जाता है। यह आयोजन विगत 8 माह से अधिक समय से चल रहा है। यह यात्रा उज्जैन के 108 प्राचीनतम हनुमान मंदिरों पर पहुंचेगी। इस शनिवार को श्री हनुमान चालीसा के पाठ श्री बाला जी हनुमान मंदिर किशनपुरा मक्सी रोड पर होगा। जिसमें श्री अतुलित भक्त परिवार ने सभी श्रीराम हनुमान भक्तों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

# विराट आयंबिल एवं प्रवचन भवन की रखी नींव, 10 करोड़ से लेगा आकार

**उज्जैन. संपूर्ण विश्व के जैन धर्मावलंबियों की आस्था के तीर्थ खाराकुआ उज्जैन पर बनने वाले आयंबिल, उपाश्रय एवं धर्मशाला का हुआ भूमिपूजन, आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरी कि निश्रा में हुआ कार्यक्रम**



देशभर के जैन अनुयायियों में प्रसिद्ध राजा श्रीपाल मयणा सुंदरी कि तप स्थली उज्जैन मे उन्ही को समर्पित विराट आयम्बिल भवन एवं धर्मशाला का निर्माण श्री सिद्धचक्र केसरियानाथ तीर्थ पर होने जा रहा है।

7 हजार वर्गफीट एरिया में 10 करोड़ कि लागत से बनने वाले 5 मंजिला भवन में भूतल पार्किंग, प्रवचन हॉल, धर्मशाला एवं अन्य सुविधायें निर्मित होंगी। आगामी सिंहस्थ महापर्व से पूर्व इसका निर्माण होना प्रस्तावित है। ताकि महापुरुष दौरान आने वाले भक्तगण भी इसका लाभ ले सके।

आचार्य देवेश विश्वरत्न सागर सूरी कि निश्रा में विधि विधान से इसकी नींव रखी गयी। खाराकुआं स्थित श्री ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट के अंतर्गत सागर आराधना भवन के स्थान पर विराट श्रीपाल मयणा आयंबिल आराधना भवन निर्मित होगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष सौरभ सिरोलिया, सचिव नरेंद्र जैन दलाल एवं मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल कटारिया के अनुसार मालवा के आराध्य परम पूज्य आचार्य देवेश प.पू. श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मसा के सुशिष्य युवा हृदय सम्राट पूज्य आचार्य भगवंत श्री विश्वरत्न सागर सूरी जी मसा ने इस भवन के निर्माण का संकल्प लिया व आज उनके आशीर्वाद एवं प्रेरणा से प्रथम दिवस कार्यक्रम स्थल पर ही समाजजनों ने बढ़-चढ़कर दान देने की घोषणा की।

मालवा सहित अहमदाबाद बैंगलूरु, मुंबई, सूरत एवं सकल उज्जैन श्रीसंघ की उपस्थिति एवं सहयोग प्रोजेक्ट जल्द आकार लेगा। कार्यक्रम दौरान गणिवर्य कितीरत्न सागर मसा, वरिष्ठ साध्वी दमीताश्रीजी, दिव्यशाश्रीजी, सिद्धांत ज्योतिश्रीजी आदि ठाणा उपस्थित रहे।

भवन निर्माण समिति का प्रमुख गौतम चंद धीग को बनाया गया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री पारस जैन, जयंतीलाल जैन तेलवाला, सुदीप धीग, पारस हरणीया, निलेश सिरोलिया, संजय पावेचा, अनिल शेखावत, प्रमोद जैन, अशोक हरणीया, संजय जैन खलीवाला, राजेश जैन डगवाला, अशोक भंडारी, सौरभ जैन, अमित भंसाली, धर्मेंद्र तरवेचा, राजेश कटारिया सहित बड़ी संख्या में उज्जैन सकल संघ, मालवा महासंघ व नवरत्न परिवार के पदाधिकारी उपस्थित रहे। गुरुभक्त आष्टा निवासी श्रेष्ठीवर्य आलोक जी, आशाबेन, रियाबेन जैन ने उपाश्रय निर्माण का मुख्य लाभ लिया।

इसके साथ ही प्रमुख लाभ श्वेता नरेश कुमारजी भंडारी, सुखीबेन इमेशचंदजी हरण, बेंगलोर, मिलेमाभाई साकोरिया बेंगलोर, अनिल कुमार जवरीलाल शेखावत ताजपुर वाला, नरेन्द्र कुमार उच्छबलाल तरसिंग, साध्वी हेमेन्द्र श्रीजी भक्त परिवार, रिंकलबेन सौरभ जी, महेन्द्र जी सिरोलिया, साध्वी दमिताश्रीजी मसा सांसारिक परिवार, कांताबेन राजेन्द्र, चिराग बांठिया, पद्माबेन अरुण कुमार चम्पालालजी फुलेरा पिपलोन, गौतमचंदजी सुदीप, हर्षित धींग उज्जैन, साध्वी दिव्ययशा श्रीजी मसा की प्रेरणा से गुरुभक्त, महावीर मांगीलाल जी शेखावत, डॉ. सुभाष मोतीलालजी जैन आगमोद्धारक उज्जैन, मनोहरलाल मदनलालजी जैन मावावाला, अशोक कुमार बाबुलाल हरीणया उज्जैन, पूर्व मंत्री पारस जैन, कमलाबाई प्रेमचंद जी, ललितजी नीताबेन नाहर गोरेगांव, अमित जी सुरेन्द्र जी भंसाली, संजय कुमारजी रेखाबेन सालेचा, सन्तोष सरिताबेन मेहता धार, मनोहरलाल गौतमचंद नाथुलाल जैन, केशरियानाथ स्नात्र मंडल खाराकुआ आदि ने लिया।

वही सह लाभार्थी वीरेन्द्र कुमार जैन, राजगढ़ पंकज कुमार हीरालालजी जैन ताजपुरवाला, मांगीलाल जी मिर्चीवाला परिवार, अशोक भेरुलाल जी भंडारी उज्जैन के साथ ही कई लोगो ने संस्थापक सदस्य का लाभ लिया।

## श्री शिरडी साईबाबा मंदिर पर पाँच दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव 7 जुलाई से

**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चौबिस खम्बा मंदिर के पीछे स्थित श्री शिरडी साईबाबा मंदिर पर पांच दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। 39वां पांच दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं श्री साई सच्चरित्र पारायण इस वर्ष 7 से 11 जुलाई तक मनाया जाएगा।




7 जुलाई सोमवार को श्री गणपति पूजन एवं महारूद्राभिषेक प्रात: 9 से 11.30 बजे तक होगा। 8 जुलाई मंगलवार को संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ रात्रि 8 बजे से होगा। 9 जुलाई बुधवार को सत्यनारायण भगवान की कथा रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक होगी। इसी दिन अखण्ड साई नाम धुन एवं भजन कीर्तन रात्रि 11 से प्रात: 4 बजे तक होगा। 10 जुलाई गुरूवार को गुरुपूर्णिमा महापूजन एवं रसाभिषेक प्रात: 9 बजे से 11.30 बजे तक होगा। महाआरती एवं प्रसादी वितरण दोपहर 12 बजे होगा। 10 जुलाई को ही शोभायात्रा सायं 5.30 बजे घासमण्डी चौराहे से प्रारंभ होगी जो शहीदपार्क, टॉवर, चामुण्डा माता, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, नईसड़क, कंठाल, बड़ा सराफा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहे से शिरडी साई बाबा मंदिर पहुंचेगी।

शोभायात्रा के पश्चात महाआरती होगी। 11 जुलाई शुक्रवार को सदगुरू श्री साई नरेशानंद जी महाराज (शिरडीवासी) द्वारा आशीर्वचन सायं 6 से 8 बजे तक एवं साई सच्चरित्र पारायण करने वालें साईभक्तों एवं संस्था के वयोवृध्द साईं भक्तों का सम्मान एवं भजन संध्या महाप्रसादी भण्डारा सायं 6 बजे से श्री राठौर समाज धर्मशाला, कार्तिक चौक पर होगा।

### गुरुपूर्णिमा पर लगेगा श्री साई मेडिकल कैंप

श्री साईधाम समिति द्वारा 11 जुलाई शुक्रवार दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक राठौर समाज धर्मशाला कार्तिक चौक में श्री साई मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसमें बिना ऑपरेशन एवं बिना दवाईयों के सुजोक, ऑरिक्युलर एवं कलर थैरेपी से ट्रीटमेंट किया जायेगा। शिविर में डॉ. प्रज्ञा मोघे द्वारा मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। शिविर में घुटनों का दर्द, गर्दन का दर्द, गठिया, सायटिका, स्लिप डिस्क मांसपेशियों, कंधे का दर्द, नींद न आना, अपचन, शुगर, ब्लड प्रेशर, शरीर में सूजन, बच्चों के स्वास्थ्य की समस्याएँ, मानसिक बैचेनी, पित्त दोष, मायग्रेन, पेशाब में जलन, स्त्रियों की मासिक धर्म सम्बंधी समस्या एवं अन्य बीमारियों का निदान भी किया जाएगा। पंजीयन के लिये मरीज मोबाइल नंबर 9425094520, 9424891951 पर सम्पर्क कर सकते हैं। समिति ने अनुरोध किया है कि मरीज खाना खाकर आयें एवं अपनी जांच रिपोर्ट साथ में लाएं।

चौबीस खंभा स्थित श्री साईबाबा मंदिर की छत निर्माण, टीन शेड डालना, शटर लगाना, लोहे की जालियां लगाना, सिंहासन की मरम्मत का कार्य व शिरडी से लाइव दर्शन कराने हेतु नये टीवी खरीदने का सेवा कार्य जो भी भक्त करना चाहते हैं। उन भक्तों से श्री साईधाम समिति (रजि.) उज्जैन एवं श्री शिरडी साईबाबा द्वारकामाई (अखण्ड धुनी) देवस्थान ने विशेष आग्रह किया है कि यथाशक्ति यथाभक्ति तन, मन, धन, से सहयोग कर कार्य को पूर्ण कराने की कृपा करें।



## मेहता मेडम के कार्य प्रेरणास्पद और गौरवान्वित करने वाले है : विधायक

**बड़नगर।** मेहता मेडम ने मानव सेवा के पथ पर ईमानदारी व कर्तनिष्ठा के साथ कार्य किया है आपके द्वारा मानव सेवा के लिए किये गये कार्य प्रेरणास्पद व गौरवान्वित करने वाले है। मुझे विश्वास है आने वाले समय में आप समाज हित में निरंतर अपनी सेवाएं देती रहेगी।



यह बात विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने लक्ष्मी मेहता द्वारा सेवा के 35 वर्ष पूर्ण करने पर आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह के दौरान स्थानीय मधुबन गार्डन में कही। इस अवसर पर पूर्व बी.ई.ओ. मुकेश राठौड़, जितेन्द्र काला, पंकज भावसार, घनश्याम पाठक, कन्हैयालाल वर्फा, दिनेश पंचोली, मंसूरीजी ने भी संबोधित करते हुए मेहता मेडम के 35 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्रारंभ में आतथियों ने एकलिंग नाथ भगवान का पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों द्वारा मेहता मेडम का पुष्प मालाओं से स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर गोविंद जोशी, महेंद्र पगारिया, बालकृष्ण भावसार, प्रेम खीची, नरेन्द्र पांडे, बलराम आर्य, पंकज जोशी, अमित जोशी, सूर्यप्रकाश शर्मा, दीपक भावसार, मोहन जोशी, विवेक शास्त्री, कमलेश शास्त्री, देवेंद्र चौहान, कपिल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर मेहता ने किया व आभार डॉ. भवनेश शंकर जोशी ने माना।

## 1 करोड़ की राहत राशि मांग को लेकर अभा संत समिति ने सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद बड़नगर के वाहन फायर बिग्रेड से ग्राम धतुरिया के श्रीराम मंदिर के पुजारी जितेन्द्र दास बैरागी की वाहन से दुर्घटना होने से मृत्यु हो चुकी है किन्तु शासन की ओर से उन्हें नाम मात्र की राहत दी गई है।

जबकि परिवार के भरण-पोषण के लिए 1 करोड़ की राहत राशि दिये जाने की मांग को लेकर अभा संत समिति धर्म समाज पुजारी इकाई द्वारा एक ज्ञापन तहसीलदार मालाराय को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से धर्मसभा प्रदेश अध्यक्ष महंत सालगरामदास बैरागी ने बताया कि पुजारी जितेन्द्रदास बैरागी व उनके पुत्र की वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई है।



उसके परिवार मे माता पिता पत्नी और दो बालिका के भरण पोषण के बाबत शासन के द्वारा राहत तो मिली है पर जीवन पूर्णत: से यापन नही हो सकता है। नगर पालिका परिषद या शासन के द्वारा उक्त परिवार को एक करोड़ रुपये की राहत राशि दी जावे और दोनो बालिका की शिक्षा की जवाबदारी शासन ले या नगर पालिका परिषद बड़नगर ले यही आपसे अखिल भारतीय धर्म समाज पुजारी इकाई मध्य प्रदेश आपसे निवेदन करती है। उक्त दुर्घटना को संज्ञान मे लिया जाए। नगर पालिका परिषद बड़नगर या शासन राहत राशि नहीं देती है तो अखिल भारतीय धर्म समाज पुजारी इकाई मध्य प्रदेश आगामी दिनों में धरना प्रदर्शन सहित क्रमबद्ध आंदोलन करेगा जिसकी समस्त जवाबदारी शासन, प्रशासन की रहेगी।

ज्ञापन के दौरान इस अवसर पर विधि सलाहकार मुकुन्द मादुस्कर, जिलाध्यक्ष विपिन शर्मा, तहसील अध्यक्ष अजय बैरागी, तहसील उपाध्यक्ष गोपालदास बैरागी, तहसील सचिव भैरूलाल शर्मा, सदस्य सुभाष गिरी, सुरेश गिरी, विधि सलाहकार मुकुन्द मादुस्कर आदि उपस्थित थे।

## विष्णुदास वैष्णव को श्रद्धांजलि दी

**घट्टिया।** भगवान त्रयम्बकेश्वर महादेव मंदिर बड़नगर के पूर्व सेवक व पंढरीनाथ धाम के महंत पंडित विष्णुदास महाराज के देवलोक गमन पर पंढरीनाथ कुंड आश्रम पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया।



श्रद्धांजलि सभा में विधायक जितेंद्र पंड्या, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, निर्मोही अखाड़ा हरिद्वार के स्वामी अनुजाश्वर महाराज, संघ प्रमुख बड़नगर सांवरिया शर्मा पत्रकार राजकुमार काबरा, आश्रम के अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, सुभाष पंड्या, मनोज भावसार, कैलाश ओरा, संजय इंग्ले, चित्रांशु काबरा, सरपंच नारायण सिंह आदि ने वैष्णव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. महंत विष्णुदास वैष्णव के पुत्र राष्ट्रीय संत पं राजेश्वर महाराज व राहुलदास वैष्णव द्वारा त्रयम्बकेश्वर महादेव, दिगम्बर श्वेतांबर जैन मंदिरों, गोपाल गोशाला, चारभुजा मंदिर घट्टिया, नरसिंह मंदिर, प्रभात फेरी मंडल, हनुमान मंदिर जेथल सहित अनेक मंदिरों पर नगद राशि दान स्वरूप घोषणा की। चारभुजा ग्रुप द्वारा वैष्णव के निधन पर घट्टिया में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

## गेहलोत समाज अध्यक्ष नियुक्त, सती उत्सव चल समारोह आज

**उन्हेल।** लखेरा समाज की वार्षिक बैठक रामबाग हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें लखेरा समाज उन्हेल की वर्ष भर सामाजिक गतिविधि को को सुचारू रूप से चलने के लिए समिति का गठन किया गया।



जिसमें सर्वसम्मति से बंशीलाल गेहलोत को समाज अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष महेश सोलंकी, सचिव मनोज सोलंकी, सहसचिव योगेश गेहलोत और कोषाध्यक्ष मनोहरलाल सोलंकी को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही लखेरा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महासती चैनामाता कुशलामाता का सती उत्सव बुधवार आज 2 जुलाई को मनाया जाएगा। जिसके निमित्त 1 जुलाई को रात्रि में महाआरती एवं सुंदरकांड का आयोजन किया गया। बुधवार 2 जुलाई को माताजी का हवन पूजन एवं माताजी का चल समारोह निकाला जाएगा। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से निकाल कर महाप्रसादि का वितरण कर कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध समाज के वरिष्ठ कांतिलाल गेहलोत, मनोहरलाल सोलंकी, मदनलाल गेहलोत, कन्हैलाल सोलंकी, बसंतीलाल गेहलोत, कैलाशचन्द्र सोलंकी ने किया।

पौधारोपण

## प्रत्येक अधिवक्ता प्रति वर्ष कम से कम एक पौधा रोपे और उसकी देखभाल सुनिश्चित करें

# कोर्ट परिसर में विधिक समाज ने किया पौधारोपण

**बड़नगर। न्यायिक परिसर में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसका आयोजन अभिभाषक संघ की ओर से किया गया।**



इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पर्यावरण के प्रति विशेष संवेदनशीलता रखने वाले जहीर उद्दीन कुरैशी द्वारा पौधे प्रदान किए गए, जिनका विधिक समाज द्वारा सामूहिक रूप से रोपण किया गया।

कार्यक्रम में न्यायाधीशगण सहित अधिवक्तागण ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश रामबिलास गुप्ता, न्यायाधीश गौरव चौरसिया, ऋचा गोयल बंसल, सोनम डेहरिया एवं भावना जाटवा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी न्यायाधीशों ने न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर विधिक समुदाय को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरित किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता जहीर उद्दीन कुरैशी ने कहा—

प्राकृतिक संसाधनों का संतुलन बनाए रखना केवल नीति-निर्माताओं का विषय नहीं, अपितु विधिक तंत्र का भी नैतिक दायित्व है। पौधारोपण न केवल हरियाली का प्रतीक है, बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 48-के अनुरूप नागरिक सहभागिता का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि यदि प्रत्येक अधिवक्ता प्रति वर्ष कम से कम एक पौधा रोपे और उसकी देखभाल सुनिश्चित करे, तो न्यायालय परिसर पर्यावरणीय संतुलन का आदर्श स्थल बन सकता है।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष करण राठौड़ ने कहाविधिक समाज का दायित्व केवल न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक एवं संवेदनशील बनाना भी है। यह आयोजन केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि सतत प्रयासों की एक मजबूत कड़ी है, जो अधिवक्ताओं और न्यायपालिका को सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है।

उक्त कार्यक्रम में अभिभाषक करण सिंह पंड्या, राकेश श्रीवास्तव, रंजीत राठौड़, नवीन त्रिवेदी, मथुरालाल यादव, जय प्रकाश त्रिवेदी, राधेश्याम यादव, शंकरलाल यादव सचिव मयंक यादव, संदीप सोलंकी, रफीक मंसूरी, विजय बहादुर, राधेश्याम सोनगरा, फुरकान उद्दीन कुरैशी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की और इस प्रयास को सफल बनाया।